# कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

क्रमांक/ 1126 /स्थापना-एक/पटवारी/29061/2025 ग्वालियर, दिनांक- 26/8/2025

प्रति,

**कलेक्टर,**

**(भू-अभिलेख)**

**जिला- समस्त (म.प्र.)**

विषय- पटवारी संवर्ग की अनन्तिम राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची (पदक्रम सूची) दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में जारी करने बावत।

विषयान्गर्त लेख है, कि पटवारी संवर्ग की अनन्तिम राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची (पदक्रम सूची) दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में आयुक्त भू-अभिलेख के अनुमोदन उपरान्त जारी की जाकर अधीक्षक भू-अभिलेख जिला समस्त को E-MAIL के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। कृपया जिले के समस्त पटवारियों को पदक्रम सूची का अवलोकन कराने का कष्ट करें।

1. वर्ष 2023 की पदक्रम सूची में जितनी भी दावे आपत्तियां इस कार्यालय में प्राप्त हुए इन आवेदन पत्रों पर नियमानुसार विचार कर मान्य अथवा अमान्य किया गया है। मान्य की स्थिति में पदक्रम सूची में यथास्थान संशोधन किया गया है।

2. उपरोक्त जारी पदक्रम सूची के संदर्भ में यदि किसी भी पटवारी को किसी भी प्रविष्टी के संबंध में कोई भी आपत्ती हो या संशोधन चाहते हो तो वह संशोधन दस्तावेज की प्रमाणित प्रति सहित आपत्ती संबंधी विवरण संबंधित जिला कार्यालय/अधीनस्थ भू-अभिलेख कार्यालय में 01 माह में प्रस्तुत करेंगे।

संबंधित जिला कार्यालय/अधीनस्थ भू-अभिलेख कार्यालय प्राप्त दावे आपत्ती संबंधी समस्त आवेदनों का परीक्षण कर पदक्रम सूची में सुधार हेतु अनुशंसा करते हुए जिला कलेक्टर के माध्यम से 15 दिवस में निर्धारित प्रपत्र में कार्यालयीन ई-मेल आई-डी clrest@mp.gov.in पर भेजने का कष्ट करें।

**निर्धारित प्रपत्र**

| स.क्र. | पदक्रम सूची का सरल क्रमांक | पटवारी का नाम | पदक्रम सूची में क्या सुधार करना है |
|---|---|---|---|
| | | | |

इसके अतिरिक्त आगामी कार्यवाही/उचित कार्यवाही हेतु भेजे गए पटवारियों के विवरण कार्यालय में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

4. वर्ष 2024 की दिनांक 01.04.2024 की स्थिति में राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची के परिशिष्ट-2 में 10 पटवारियों की जानकारी त्रुटिपूर्ण होने से पृथक किया गया है। संवंधित जिले इन पटवारियों की जन्मतिथि एवं ज्वानिग दिनांक की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में दर्ज कर संशोधन हेतु भेजे जावे।

5. पटवारियों की वर्ष 2018 अथवा इसके बाद के वर्षों में नियुक्ति होने की स्थिति में वरिष्ठता नियुक्ति दिनांक से मान्य न करते हुए बल्कि प्रशिक्षण में उपस्थित दिनांक से मान्य की गई है।

6. इस पटवारी संवर्ग की अनन्तिम राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची मे कई पटवारियों के EMPLOYEE CODE एवं अन्य जानकारी दर्ज नहीं है, जिसे संबंधित जिले निर्धारित प्रपत्र में दर्ज कर संशोधन हेतु भेजे जावे।

7. इस पदक्रम सूची के साथ जिलेवार पटवारियों की जानकारी भी संलग्न कर पत्र के साथ Excel sheet में भेजी जा रही है, ताकि संबंधित जिला, पदस्थ सभी पटवारियों की जानकारी का पदक्रम सूची में दर्ज की गई जानकारी से मिलान सरलता से कर सके। अगर संशोधन की आवश्यकता हो तो जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भेजने का कष्ट करें।

8. कार्यालय में पटवारी द्वारा सीधे भेजे गए दावे आपत्ति संबंधी आवेदनों को स्वीकार नही किया जावेगा।

9. आपत्ति/संशोधन संबंधी प्रपत्र समयावधि में प्राप्त न होने की स्थिति में यह पदक्रम सूची अंतिम मान्य होगी।

**(आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा आदेशित)**

25/8/25

**प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख**
**वास्ते आयुक्त भू-अभिलेख**
**मध्यप्रदेश**

पृष्ठांकन क्रमांक/ 1126 /स्थापना-एक/पटवारी/29061/2025 ग्वालियर, दिनांक-26/8/2025

प्रतिलिपि-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल की और सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय उपायुक्त भू-अभिलेख, क्षेत्र- समस्त (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं सर्व संबंधित को अवगत कराये जाने हेतु।
3. प्राचार्य, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान, महलगांव ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं सर्व संबंधित को अवगत कराये जाने हेतु।
4. प्राचार्य, राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण शाला -समस्त (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं सर्व संबंधित को अवगत कराये जाने हेतु।

5. प्रधानाध्यापक, पटवारी प्रशिक्षण शाला -समस्त (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं सर्व संबंधित को अवगत कराये जाने हेतु।

6. अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला- समस्त (म.प्र.) की और सूचनार्य एवं सर्वसंबंधित को अवगत कराये जाने हेतु।

7. मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल की ओर सूचनार्थ।

5/8/25

**प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख**
**वास्ते आयुक्त भू-अभिलेख**
**मध्यप्रदेश**